संक्षिप्त

निरीक्षण किया

कोटपूतली। ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट) के नाम पर बिक रहे पेय पदार्थों व पाउडर प्रोडक्ट्स के जरिये लोगों को गुमराह किया जा रहा हैं। जिसके तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में गुरूवार को जिले के बहरोड़ स्थित जय मंगल मेडिकोज से रेडी टू सर्व फ्रूट बेवरेज ओरेलाईट के दो सैंपल लिये गये एवं शेष बचे हुये 417 पैक 200 एमएल के सीज किये गये। उक्त सैंपलों को प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया गया एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं विक्रेताओं को खाद्य लाईसेंस एवं खाद्य पंजीयन को डिस्प्ले करने के लिये पाबंद किया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि अगर कोई भी विक्रेता बिना लाईसेंस व्यापार करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा व नेहा शर्मा मौजूद रहे।

'गौमाता हमारी संस्कृति, श्रद्धा और जीवन मूल्यों का अभिन्न प्रतीक हैं'

- गोपाष्टमी के पावन अवसर पर सीकरी की गौशालाओं में किया गौ-पूजन एवं सेवा, गौसंवर्धन के प्रति जताई प्रतिबद्धता
- राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सेवल मंदिर व पटवन गौशाला पहुँचकर गौ-पूजन किया

राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गौ-भक्तों को संबोधित किया।

डीग भरतपुर। गौ-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित पावन पर्व गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर, राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को सीकरी स्थित सेवल मंदिर गौशाला व पटवन गौशाला पहुँचकर गौ-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने पूरे विधि-विधान से गौमाता की आरती की, उन्हें तिलक लगाया और अपने हाथों से गुड़ व चारा खिलाकर उनकी सेवा की।

इस भावपूर्ण अवसर पर उपस्थित गौ-भक्तों को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा, गौमाता हमारी संस्कृति, श्रद्धा और जीवन मूल्यों का अभिन्न प्रतीक हैं। गौसेवा केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह करुणा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश भी है। उन्होंने कहा कि गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है और उनकी सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

बेढ़म ने माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रदेश सरकार की गौसंवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने गौशालाओं के संचालकों और निस्वार्थ भाव से गौ-सेवा में जुटे कार्यकर्ताओं के प्रति प्रत्यक्ष कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि उनका यह समर्पण वंदनीय है।

बेढ़म ने इस बात पर भी जोर दिया कि गौ-आधारित कृषि और प्राकृतिक उत्पादों को अपनाकर हम न केवल अपनी सनातन परंपरा को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर समाज की नींव भी रख रहे हैं, जो गौमाता के प्रति हमारी अप्रत्यक्ष कृतज्ञता को दर्शाता है।

इससे पूर्व, गौशाला पहुँचने पर गृह राज्य मंत्री का स्थानीय गौ-सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य पुष्प माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौमाताओं के लिए विभिन्न प्रकार के अनाजों, पौष्टिक आहार, सब्जियों और हरे चारे का एक भव्य श्अन्नकूटश् भी सजाया गया, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

बेढ़म ने इस पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों से आव्हान किया, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गौसंवर्धन, संरक्षण और सेवा के माध्यम से अपनी संस्कृति और सनातन परंपरा को और अधिक सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गौशाला समिति के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गौ-भक्त उपस्थित रहे।

खोया पाया

मकान नं. 3-ट-30 शास्त्री नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जयपुर का आवंटन पत्र, डिक्लेरेशन, कब्जा पत्र कहीं खो गए हैं। मिलने पर सूचित करें-कैलाश 7425022124

मै अपने कार्यालय से पांच बत्ती एम.आई. रोड के रास्ते होते हुए MLA QUARTER लाल कोठी जयपुर जा रहा था रास्ते मे जाते समय मेरे पास हस्ताक्षिरत कोरे ग्रीन पाई पेपर थे जो कि रास्ते मे कही गिर गये है मिलने पर सूचित करे- राजेन्द्र मेहता मो. 9783683661

जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना केदार विहार के भूखण्ड संख्या एच/365 के समस्त मूल दस्तावेज (आवंटन पत्र आदि) कपिल शर्मा पुत्र श्री विनेश कुमार शर्मा के नाम से सोडाला से सी-स्कीम के मध्य जयपुर विकास प्राधिकरण जाते समय कहीं गिर गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। कपिल शर्मा, मो.नं. 7891122222

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के शैक्षणिक/अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम गोपाल लाल टेलर अंकित है जो बदलकर स्व. गोपाल टेलर कर दिया है (गजट नोटिफिकेशन प्रकाशित है) भविष्य में प्रियांशु टेलर के पिता का नाम स्व. श्री गोपाल टेलर, माता सुमन टेलर, निवासी 43/14/09 मानसरोवर जयपुर पढा, बोला जावें।

मैं कामना देवी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह, निवासी-222, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर-302019 यह घोषणा करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम कामना कुमारी था। मैंने विवाह उपरान्त अपना नाम कामना देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे कामना देवी नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

I, Mohan Thakur Son of Makhan Lal. Residing at 113-A, Sitaram Vihar, Patrakar Colony, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan, have changed my name from Mohan to Mohan Thakur for all future purposes.

I ANIL KUMAR PRAJAPAT R/o 63, GANESH NAGAR, KRISHNAM-3 MURLIPURA, JAIPUR, RAJASTHAN has changed my Name from ANIL KUMAR PRAJAPAT to ANIL KUMAR for all future purposes.

I army no 15165822M Ex NK (MACP) Ratipal singh Tanwar S/o Jamman Singh Tanwar resident of VPO sudarpura dhadha tehsil paota district Jaipur that i want to change my wife name RAJBALA (DOB 15.03.1987)To RAJBALA KANWAR (01.04.1987) & Son name GHANSHYAM TO GHANSHYAM SINGH TANWAR vide affidavit dated 16.10.2025 before district notary paota district Kotputli behror.

I Manish Jashlani S/o Sh. Prakash Jashlani residing at Flat No. 315 Mahima Heritage, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan-302039. I have changed my name from Manish Prakash Jashlani to Manish Jashlani. In Future I will be known by my changed name

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'अधिकाधिक जन सहभागिता करें सुनिश्चित'

भरतपुर। देश के प्रथम गृह मंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 150वीं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाए। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय भावना को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इसमें स्टाफ के साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करायें। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ 31 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे बिजली घर से होगा, जो कलेक्ट्रेट, यातायात चौराहा, मानसिंह चौराहा होते हुए पुनः बिजली घर पर समाप्त होगी। इस दौड़ में जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, विद्यार्थी, शिक्षक, खेल प्रेमी, स्काउट-गाइड, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, महिलाएं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

श्री ज्ञानदास आश्रम बड़नगर में रामकथा कार्यक्रम में झूम उठे श्रद्धालु

- आयोजक मंगल चंद गर्ग ने कथा के दौरान बड़नगर गौशाला के लिए 51 हजार की राशि सप्रेम भेट की

पावटा। श्री ज्ञानदास आश्रम बड़नगर में ज्ञानदास महाराज के सान्निध्य एवं मंगल चंद पवन कुमार गर्ग द्वारा आयोजित श्री राम कथा के छठे दिन गुरुवार को मध्य प्रदेश से पधारे कथा वाचक अतुल रामायणी महाराज ने ने श्री राम विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने राम विवाह की कथा को सुनकर अपने आपको धन्य समझा। राम विवाह कथा सुनने के लिए श्रद्धालु सिर पर पगड़ी पहने नजर आये। कथा वाचक अतुल रामायणी महाराज ने कहा कि श्रीराम के गुरु विश्वामित्र को संदेश मिला कि राजा जनक के महल में एक शिव धनुष है, जो सीता माता ने उठा लिया था. जब यह बात राजा जनक को पता चली तो उन्होंने सभी राज्यों के राजाओं को संदेश दिया जो भी राजा इस धनुष को उठा लेगा, उसी से सीता का विवाह होगा। यह सुनकर स्वयंवर में सभी राजा शामिल हुए एवं धनुष को उठाने का प्रयास किया लेकिन उठा नहीं सके। यह सुनकर विश्वामित्र अपने शिष्य भगवान श्रीराम के साथ स्वयंवर में पहुंचे व भगवान श्रीराम ने अपने गुरू विश्वामित्र का आदेश पाकर धनुष को उठाकर तोड़ दिया।

पंडाल श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। सीता माता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाल दी। इस प्रकार विवाह संपन्न हुआ। कथा वाचक रामायणी ने कहा कि श्रीराम व माता सीता समस्त जगत के कर्ताधर्ता भगवान श्री विष्णु और माता लक्ष्मी के स्वरूप थे। जिन्होंने धर्म की पुनःस्थापना और मनुष्य जाति के लिए एक आदर्शवादी व मर्यादित जीवन की नियामवली व मिशाल कायम करने के लिए धरती पर मानव रूप में अवतार लिया था।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी आदर्श पति पत्नी का जिक्र होता है। आज भी प्रभु श्री राम और माता सीता का उदाहरण दिया जाता है। इस दौरान राजा जनक अयोध्या के राजा दशरथ गुरु विश्वामित्र मुनि कि उपस्थिति में राम और सीता के विवाह की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। यह देख कर पंडाल में श्रद्धालुओं ने श्रीराम के जयकारे एवं सीता माता के जयकारों से पूरे पंडाल गूंजने लगा।

वहीं भगवान श्रीराम के विवाह के उत्सव में दशरथ के रूप में कथावाचक अतुल रामायणी महाराज, विश्वामित्र के रूप में ज्ञानदास महाराज व जनक के रूप में आयोजक मंगल चंद गर्ग रहे। आयोजक मंगल चंद गर्ग ने जनक की भूमिका निभाते हुए विश्वामित्र (ज्ञानदास महाराज) को 51 हजार रुपए, दशरथ (अतुल रामायणी महाराज) को 11 हजार व बड़नगर गौ शाला में 51 हजार रुपए की राशि सप्रेम भेंट की।

एकता मार्च पद यात्रा आज

कोटपूतली। लौह पुरूष पूर्व गृहमंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिले में सरदार/150 समारोह मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली से प्रातः 07 बजे से यूनिटी मार्च पद यात्रा का आयोजन ज्योतिबा फूले चौराहा तक किया जायेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सरदार पटेल के विचारों के प्रति जागरूकता लाना हैं। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने विभिन्न विभागों को तैयारियों व आयोजन के संबंध में आदेश जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये हैं।

त्रुटिरहित और पारदर्शी बने मतदाता सूची : एसडीएम

- राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा

एसडीएम रामावतार मीणा ने गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के बारे में विस्तृत चर्चा की।

कोटपूतली। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम रामावतार मीणा ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही एसआईआर के दौरान सभी राजनीतिक दलों से सहयोग करने के लिये प्रेरित किया। विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलए प्रथम की नियुक्ति की जा चुकी हैं। विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली की 225 भाग संख्याओं हेतु बीएलए द्वितीय की नियुक्ति की जानी हैं।

एसआईआर के दौरान बूथ लेवल अधिकारी का सहयोग करवायें। जिससे मतदाता सूची पारदर्शी व त्रुटि रहित बने इसके लिये पात्र सभी व्यक्तियों का नाम जुड़वाने और अपात्र का नाम हटवाने में सहयोग करें। आगामी 04 नवंबर से बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मुद्रित गणना प्रपत्र दो प्रतियों में आम मतदाताओं को वितरित करेंगे और एक प्रति आवश्यक दस्तावेज के साथ प्राप्त कर ऑनलाईन प्रविष्ठि की जायेगी।

ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का आयोजन

पावटा। विद्यालयों में शिक्षा के गुणवत्ता एवं सकारात्मक परिणाम हेतु कक्षा 9 से 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों, आयामों एवं गतिविधियों के माध्यम से सशक्त करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांतिल में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत धर्मवीर जिंदोलिया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा के मुख्य आतिथ्य व अजय यादव प्राचार्य पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांतिल की अध्यक्षता एवं एसीबीईओ सुरेश चंद कसाना, साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गजानंद टीलावत, संतराम वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर की गई। जिसमें पावटा ब्लॉक के प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालयो से एक छात्र व एक छात्रा द्वारा भाग लिया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा ने बताया कि यह कार्यक्रम सीधे बुनियादी क्षमताओं पर काम करने के अवसर देता है।

शाहपुरा में गोपाष्टमी पर विशेष पूजा-अर्चना की

- शाहपुरा में पशु चिकित्सा अधिकारी ने गाय को माला पहनाकर पूजा कर गुड़, केला खिलाकर गोपाष्टमी पर्व मनाया

शाहपुरा। शाहपुरा क्षेत्र में गुरूवार को गोपाष्टमी पर्व धार्मिक आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के ट्रोमा व राजकीय बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें पशु चिकित्सकों समेत पशुपालकों ने भाग लिया।

ब्लॉक वेटनरी हैल्थ ऑफिसर डॉ.प्रहलाद सहाय रैगर व वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ.बनवारी लाल यादव ने बताया कि गोमाता हमारी आस्था, संस्कृति की आधार, प्रकृति, पर्यावरण और परंपरा की पोषक शक्ति है। उपस्थित लोगों को गोवंशों को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया।

गोपाष्टमी पर्व के दौरान गायों को विशेष रूप से स्नान कराकर उनका श्रृंगार कर पूजा अर्चना की। पशु चिकित्साधिकारियों ने गौमाता को गुड़, चना, केला और हरा चारा खिलाकर भोग लगाया।

इस दौरान वातावरण गौमाता की जय के जयकारों से गूंज उठा।गोपाष्टमी के अवसर पर स्थानीय सभी ने गौसेवा के महत्व पर जोर दिया।

पशुधन निरीक्षक महावीर जाट, सुरजभान जाट ने कहा कि गौसंवर्धन भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और इसका संरक्षण समाज का सामूहिक दायित्व है।

उन्होंने गौशालाओं के बेहतर रखरखाव और गोवंश के संरक्षण में सहयोग का अव्हान किया। इस मौके पर गौरक्षक लोकेश सामोता, प्रशिक्षु पशुधन निरीक्षक राहुल डूमोलिया समेत अन्य लोग मोजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज
क्र:एफ-13() ज्या. लेण्ड / ननिब / 2025/782 दिनांक 28.10.2025
मूल भूखण्ड सं. 438, नाहरी का नाका, जयपुर का आवंटन श्री मुंशी पुत्र श्री गन्नी खां उर्फ सलीम को दिनांक 17.08.1974 को 125 व.ग. का आवंटन पत्र जारी किया गया था। श्रीमती फरजाना गौरी पत्नि श्री अयूब खान द्वारा विकय पत्रों के आधार पर व शपथ पत्र प्रस्तुत कर का एवं अन्य दस्तावेजो के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर पट्टे हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त लैण्ड शाखा) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

न्यायालय अपर जिला जजी क्रम संख्या 01, गंगापुर सिटी
ललिता कुमारी बगैहरा बनाम हरखास आम वगैहरा
प्रार्थना-पत्र बावत् जारी किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र मुकदमा नं. 12/25
नोटिस बनामः हर खास आम
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ललिता कुमारी पत्नी स्व. मुकेश कुमार गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, प्रिंस कुमार गुप्ता पुत्र-पुत्रीयान स्व. मुकेश कुमार गुप्ता जाति महाजन निवासी महेन्द्र उद्योग के पास सैनिक नगर, गंगापुर सिटी ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर मृतक मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश कुमार गुप्ता जाति महाजन निवासी गंगापुर सिटी की बैंक H.D.F.C. शाखा गंगापुर सिटी में स्थित उनके बचत खाते में जमा राशि व F.D.R. की राशि प्राप्ति हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र उक्त मृतक मुकेश कुमार गुप्ता की पत्नी प्रार्थीया ललिता देवी के नाम से जारी करने बाबत् प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है। लिहाजा जिस व्यक्ति को उक्त प्रार्थना-पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में नियत दिनांक 4.11.2025 को न्यायालय समय 10 A.M. पर असालतन या वकालतन उपस्थित होकर प्रस्तुत कर दे वरना वाद गुजरने मियाद उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र इकतरफा में सुनकर फैसल कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर से आज दिनांक 8-9-2025 को जारी किया गया। आज्ञा से-
(मुहर) अपर जिला न्यायाधीश सं. 1 गंगापुर सिटी, जिला-सवाई माधोपुर (राज.)

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.rajasthan.gov.in
क्रमांकः ज.वि.प्रा./उपा./जोन-4/2025/डी-6136 दिनांकः 28.10.2025
प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन
जयपुर क्षेत्र में स्थित जल महल हाउसिंग कॉ-आपरेटिव सोसायटी लि. की योजनाः दुर्गा विहार के भूखण्ड संख्या 1 व 2 क्षेत्रफल 984.52 वर्गगज का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड आवासीय पट्टा मुरारी लाल एस्टेट प्रा. लि. जरिये निदेशक पंकज तिवारी पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार तिवारी के पक्ष में ऑनलाइन पट्टा क्रमांकः एफ-जेडीए/जोन-4/2025 /159, दिनांकः 18.09.2025 को जारी किया गया। मुरारी लाल एस्टेट प्रा. लि. जरिये निदेशक पंकज तिवारी पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत उक्त भूखण्ड का भू-उपयोग मास्टर/ जोनल विकास योजना में दर्शित व्यावसायिक भू-उपयोग के अनुसार आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग प्रयोजनार्थ किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के साईट प्लान अनुसार उत्तर दिशा की ओर भूखण्ड संख्या 3, दक्षिण दिशा की ओर भूखण्ड संख्या 21 एवं पुराना घर, पूर्वी दिशा की ओर 10 फीट रास्ता एवं पश्चिमी दिशा की ओर 160 फीट रोड़ स्थित है। अतः नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत उक्त भूखण्ड का भू-उपयोग मास्टर/ जोनल विकास योजना अनुसार आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग प्रयोजनार्थ किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त उपान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, आदि को कोई आपत्ति हो तो, राजस्थान राज्य स्तरीय समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की कालावधि के भीतर आपत्ति/ सुझाव निम्न हस्ताक्षरकर्ता अथवा उपायुक्त जोन-04 को प्रस्तुत कर सकते है। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 28.10.2025 को जारी की गयी। **हस्ताक्षरः उपायुक्त, जोन-4, जविप्रा, जयपुर।**

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
क्रमांक-1430 दिनांक-30.10.2025
आवश्यक सूचना
मूलतः मकान संख्या 2/120 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान आवासन मण्डल, भिवाडी श्री रतन लाल वेगवानी को आवंटन पत्रांक 3791 दिनांक 03.12.1986 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र संख्या 905 दिनांक 22.06.2007 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 10.08.2007 को उप पंजियक भिवाडी में पंजिकृत करवाई जा चुकी है। श्री रतन लाल वेगवानी की मृत्यु दिनांक 28.09.2014 को हो चुकी है। श्री राजेश कुमार व श्री पंकज जैन पुत्रान स्व. श्री रतन लाल वेगवानी ने प्रार्थना पत्र, पंजीकृत हकत्याग एवं आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत किए हैं कि उनके पिता का स्वर्गवास दिनांक 28.09.2014 को हो जाने के कारण उपरोक्त मकान संख्या 2/120 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान आवासन मण्डल, भिवाडी का मृत्यु उपरान्त नाम परिवर्तन संयुक्त नाम से उन्हें किया जावें। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि संख्या 2/120 पुरानी कॉलानी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबंध में पिता, पुत्र, पुत्रियों, भाइ व अन्य किसी रिश्तेदारी को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री राजेश कुमार व श्री पंकज जैन पुत्रान स्व. श्री रतन लाल वेगवानी मकान संख्या 2/120 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के पक्ष में उपरोक्त आवास के मृत्यु उपरान्त नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

प्रारूप-5 (नियम-6)(2) देखिए
प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक (जयपुर)
क्रमांक-नपासां/2025-26/1830 **लोक सूचना** दिनांक-30.10.2025
श्री/श्रीमति सुभाष चन्द्र, हरीश चन्द्र, अशोक कुमार पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री रामलुभाया जाति पंजाबी ने नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

नगर पालिका का नाम	आवेदक का नाम व पता	भूखण्ड का विवरण	क्षेत्रफल (वर्गगज में)
सांभर लेक	श्री/श्रीमति सुभाष चन्द्र, हरीश चन्द्र, अशोक कुमार पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री रामलुभाया निवासी-लुहारों का मौहल्ला, सांभर लेक	लुहारों का मौहल्ला, सांभर लेक	114.28 वर्गगज

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
प्राधिकृति अधिकारी, नगर पालिका सांभर लेक

आम सूचना **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/PRN-South-2/2025/D-19
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 226932 दिनांक 12/06/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

आवेदक का नाम	मूल आवंटी /लीजधारक का नाम	भूखण्ड सं.	भूखण्ड क्षेत्रफल	ग्रु.नि.स.स./ निजी स्वातेदारी /जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
JYOTI AGRAWAL D/o GHAN SHYAM GARG	श्री राम लखन गोयल पुत्र श्री अमर चंद गोयल	8	88.88 SQ. YARD	Cooperative	SARPANCH VATIKA-PRN Sector/ Block	Issue of [Lease/Free Hold] Deed (Epatta)	आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं रजिस्टर्ड दान पत्र, नाम में भिन्नता आदि

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त, (पीआरएन-दक्षिण-2) जविप्रा, जयपुर

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)
क्रमांक :- ज.स.अ./2025/273 दिनांक :- 29/10/2025
ई-बोली सूचना सं. 05 (वर्ष 2025-26)
केन्द्र एंव राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत ठेकेदार एवं नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत बोलीदाताओ से मलेरिया स्टोर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय द्वारा 02 वाटर टैंकर मय ट्रेक्टर, ड्राईवर, प्रेशर पम्प, लेबर, पानी आदि सहित किराये पर आपूर्ति हेतु बोलीयां आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती।
UBN No. JMC2526SLOBO1867 हैं।
मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (प्रभारी अधिकारी मलेरिया)
राज.संवाद/सी/25/12921

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता
निविदा सूचना संख्या 09/2025-26
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यो के लिये राजकीय/अर्द्ध-राजकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से विभिन्न कार्यो की कुल संख्या **07 हेतु कुल राशि रुपये 30.18 लाख** की सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की अनुमानित लागत, निविदा देने एवं प्राप्त करने की दिनांक, समय एवं शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है, जिनका यूबीएन नम्बर URA2526WSOB00103 to 109 NIB: URA2526A0040 है।
विश्वविद्यालय अभियन्ता

कार्यालय अधिशाषी अभियंता (मालवीय नगर जोन) नगर निगम, ग्रेटर जयपुर
क्रमांक :- ज.स.अ./2025/272 दिनांक :- 29/10/2025
ई-निविदा सूचना सं. - 186 से 205/2025-26
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मालवीय नगर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण ई निविदा सूचना संख्या- 186 से 202/2025-26 दिनांक 27.10.2025 एवं निविदा सूचना संख्या- 203 से 205/2025-26 दिनांक 28.10.2025 से नगर निगम जयपुर ग्रेटर की वेबसाईट www.jaipurmc.org व राजस्थ